प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-



प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 24.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 24.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में SPEL (स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम) के तहत चयनित छात्र- छात्राओं को थाना कोतवाली नगर में पुलिस कार्यप्रणाली की दी गयी जानकारी:-

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 24.01.2025 को थाना कोतवाली नगर महोबा में प्रशिक्षण हेतु चयनित जनपद महोबा के वीर भूमि डिग्री कालेज महोबा के छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण के दूसरे दिन थाना कोतवाली में अवस्थापित आगन्तुक पटल, महिला हेल्प डेस्क एवं UPCOP एप्प (जैसे आनलाइन ई-एफआईआर लिखना, चरित्र प्रमाण पत्र, खोयी सम्पत्ति का रजिस्ट्रेशन, किराये दार का सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन) के बारे में एवं उसके प्रयोग के बारे में थाना कोतवाली में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर अभिषेक वर्मा द्वारा जागरूक किया गया है।

थाना कोतवाली नगर महोबा में प्रशिक्षण हेतु चयनित छात्र/छात्राओं को सामाजिक समस्याओं से अवगत कराते हुए उनमें संवेदनशीलता विकसित करने व तनाव प्रबंधन सीखने के लिये प्रशिक्षण देने तथा पुलिस की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न अभिलेखों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किए जाने के उद्देश्य से इस 30 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “ऑपरेशन मुस्कान” के तहत थाना अजनर पुलिस टीम ने गुमशुदा महिला एवं उनकी 03 वर्षीय पुत्री को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द, परिवारीजनों ने भावुक होकर महोबा पुलिस के प्रति जताया आभार..

महोबा पुलिस की पहल ‘ऑपरेशन मुस्कान’ का दिख रहा असर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवा के पर्यवेक्षण में गुमशुदा की बरामदगी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान “ऑपरेशन मुस्कान” के तहत दिनांक 23.01.2025 को थानाध्यक्ष अजनर उ0नि0 श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत गुमशुदगी नं0 03/2025 से संबंधित गुमशुदा महिला एवं 03 उनकी वर्षीय पुत्री को पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों, ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कैमरों व आम जनमानस की मदद से गुमशुदा महिला एवं उनकी 03 वर्षीय पुत्री को बस स्टैण्ड बेलाताल के पास श्रीनगर मोड़ जनपद महोबा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सपुर्द किया गया। गुमशुदा महिला एवं 03 वर्षीय पुत्री को पाकर परिजन द्वारा महोबा पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

### बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी
2. म0का0 अंशू सिंह



@MahobaPolice

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा के परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड के पूर्व फुल ड्रेस ग्रैंड रिहर्सल कार्यक्रम का निरीक्षण कर जायजा लिया गया, दिये गये आवश्यक निर्देश।

आज दिनांक 24.01.2025 को श्री पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा आगामी 26 जनवरी 2025 (गणतंत्र दिवस समारोह) के दौरान होने वाली रैतिक परेड के फुल ड्रैस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता गंगवार द्वारा परेड कमाण्डर के रुप में समस्त परेड के साथ मुख्त अतिथि सहित पुलिस अधीक्षक महोबा को सलामी दी गयी, परेड की सलामी का मान प्रमाण लेने के पश्चात मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परेड का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

परेड में टोलीवार प्रतिभाग किया जा रहा है, जिसमें जनपदीय सिविल पुलिस, महिला पुलिस, पीएसी, एनसीसी की टोलियां हैं इसके अतिरिक्त परेड में मोटरसाइकिल दस्ता, कमाण्डो दस्ता, नारी सशक्तिकरण दस्ता, डायल-112 मोबाइल, रेडियो मेन्टीनेन्स मोबाइल, फील्ड यूनिट दस्ता, दंगा निरोधक दस्ता, अग्निशमन दस्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सराहना कर परेड में प्रतिभाग कर रहे पुलिस कर्मियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान छोटी-मोटी कमियों को दूर करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए, मंच संचालन का कार्य शिक्षिका श्रीमती अपर्णा ऩायक के द्वारा किया गया।

फुल ड्रेस रिहर्सल के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपदीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से गणतन्त्र दिवस परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए परेड को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने तथा परेड का आकर्षक एवं भव्य बनाए जाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर, आरएसआई नरेन्द्र सिंह सहित परेड में नामित सभी अधि./कर्म. मौजूद रहे।








प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने हत्या की घटना कारित करने वाले 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

दिनांक- 03.09.2024 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र अन्तर्गत करहराकला के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम द्वारा शव की शिनाख्त शंकर पुत्र गनपत अहिरवार उम्र 26 वर्ष नि0 करहराकला थाना कोत. नगर महोबा के रुप में हुई, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी। बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु.अ.सं. 456/2024 धारा 103(1),328 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विभिन्न साक्ष्यों का संकलन एवं गवाहों/बयानों के आधार पर हत्या की घटना कारित करने वाले प्रकाश मे आये अभियुक्तगण क्रमशः 1.खेत सिंह पुत्र तुलाराम उम्र 33 वर्ष 2.प्रमोद कुमार कुशवाहा पुत्र बाबूलाल कुशवाहा उम्र 24 वर्ष निवासीगण ग्राम करहराकलां थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के रेलवे स्टेशन तिराहा बजरिया थाना कोतवाली नगर जिला महोबा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण -

1.खेत सिंह पुत्र तुलाराम उम्र 33 वर्ष
2. प्रमोद कुमार कुशवाहा पुत्र बाबूलाल कुशवाहा उम्र 24 वर्ष
निवासीगण- ग्राम करहराकलां थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह, **SHO** कोतवाली नगर महोबा
2. हे0का0 विकास सिंह
3. का0 राजेश कुमार सिंह



## पुलिस अधीक्षक महोबा की उपस्थिति में मुकदमाती मादक पदार्थो के मालों को निस्तारण के उपरान्त उनका विनष्टीकरण इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से पुलिस लाइन महोबा में किया गया-

मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के सम्बन्ध में निर्गत निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 24.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल (अध्यक्ष) व अन्य सदस्यगणों की मौजूदगी में जनपद महोबा के विभिन्न थानों में दर्ज मादक पदार्थों के मालों के निस्तारण के उपरान्त उनका विनष्टीकरण हेतु बनायी गयी कमेटी के समक्ष मुकदमाती मादक पदार्थ मालों का नियमानुसार विनिष्टिकरण किया गया, जिसमे कुल 1039.913 किलो गांजा, 620 डायजापाम की गोली, 110 ग्राम नशीला पाउडर को विनिष्टिकरण करते हुये मुकदमाती मादक पदार्थ को तौल मशीन से माप कर इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से नष्ट किया गया है।

उक्त मुकदमाती मालों के विनिष्टीकरण की प्रक्रिया के लिए जनपद स्तर पर गठित मादक पदार्थ विनष्टीकरण कमेटी के समस्यगण क्रमशः अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी श्री दीपक दुबे सहित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की मौजूदगी में नियमानुसार वीडियो ग्राफी/फोटोग्राफी कराते हुए किया गया है।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2025

मीडिया सेल, महोबा